प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 30.11.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— प्रदेश में यात्रियों को घर बैठे मिलेगी बस की समय—सारिणी और रूट की जानकारी—मुख्यमंत्री ने लांच किया बस संगवारी ऐप।

2— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने अलग—अलग थाना क्षेत्र से दो लाख रूपए के इनामी सहित तेरह माओवादियों को किया गिरफ्तार।

3— जांजगीर की चांपा पुलिस ने महिलाओं से करीब आठ करोड़ रूपए की ठगी करने के आरोप में एक कंपनी के तीन कर्मचारियों को किया गिरफ्तार।

4— बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात फेंजल के असर से छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में अगले एक—दो दिनों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना।

**समाचार विस्तार से .....**

**'बस संगवारी एप'**

छत्तीसगढ़ में अब बस यात्रियों को घर बैठे बस की समय सारणी और रूट की जानकारी मिल सकेगी। इसके लिए उन्हें गूगल प्ले स्टोर से 'बस संगवारी एप' डाउनलोड करना होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में इस ऐप को लॉन्च किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग का यह एप बस यात्रियों, विशेष रूप से दूर—दराज के यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक साबित होगा। जल्द ही इस एप के माध्यम से अंतर्राज्यीय बसों के परिवहन और बसों के रियल टाइम ट्रेकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

इस एप में वर्तमान में विभिन्न रूट में चलने वाली पांच हजार से अधिक बसों को शामिल किया गया है। इसके लिए बसों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है, जिससे बसों की लाइव ट्रेकिंग भी की जा सकेगी।

**मुख्यमंत्री—रेल राज्यमंत्री मुलाकात**

केन्द्रीय रेल और जल शक्ति राज्यमंत्री वी. सोमन्ना इन दिनों छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। उन्होंने कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास स्थान में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री सोमन्ना का स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह और शॉल भेंट किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय राज्यमंत्री से राज्य में रेल परियोजनाओं के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद और डॉक्टर बसवराजु एस, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

केन्द्रीय राज्यमंत्री वी. सोमन्ना आज कोरबा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर पालिक निगम और एस.एल.आर.एम. केन्द्र का निरीक्षण किया। वहीं, स्वच्छता दीदियों से भी उन्होंने मुलाकात की।

**मुख्यमंत्री–सड़क सुरक्षा बैठक**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सड़क सुरक्षा और सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाने और सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

नगरीय प्रशासन और विकास मंत्री अरूण साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के लिए किए जा रहे सर्वेक्षण के दौरान आवश्यक दस्तावेज नहीं होने की स्थिति में पात्र हितग्राहियों के आवेदन तत्काल निरस्त नहीं करने और उन्हें दस्तावेजों के लिए समय देने के निर्देश दिए हैं। विभागीय सचिव डॉक्टर बसवराजु एस. ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के लंबित जाति और आय प्रमाण पत्र के मामलों का निराकरण प्राथमिकता से करने के लिए राजस्व विभाग को पत्र भी भेजा है।

गौरतलब है कि भारत सरकार के यूनिफाइड वेब पोर्टल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सर्वेक्षण कार्य पन्द्रह नवम्बर से शुरू हुआ है। सर्वेक्षण के दौरान हितग्राहियों की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज की जा रही है। इसके लिए हितग्राही परिवार का आधार कार्ड, बैंक खाता, आय और जाति प्रमाण पत्र, भूमि के दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है।

**भाजपा–बैठक**

भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन ने आज रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा की सदस्य संख्या साठ लाख पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित संगठन की पूरी टीम को बधाई दी।

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि बूथ कमेटियों के गठन के बाद अब मंडल, जिला अध्यक्षों का चुनाव होगा और फिर प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इसी के साथ नगरीय निकाय और त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए संभागवार रणनीति भी बनाई जा रही है।

**नाईट लैंडिंग–हाईकोर्ट**

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को शपथ पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि सत्रह मार्च दो हजार पच्चीस तक डी.वी.ओ.आर. सहित नाईट लैंडिंग की सभी मशीनें बिलासपुर के बिलासा एयरपोर्ट पहुंच जाएगी। इसके बाद मशीन लगाने का काम शुरू होगा। शपथ पत्र में यह भी जानकारी दी गई है कि मशीन आ जाने के बाद चार माह के भीतर एयरपोर्ट में नाईट लैंडिंग की सुविधा शुरू की जा सकती है। मशीन लगाने के लिए जरूरी भवन राज्य सरकार को समय रहते बनाना होगा।

गौरतलब है कि एयरपोर्ट में सुविधा विस्तार को लेकर जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट में कल सुनवाई हुई। इस दौरान एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नया शपथ पत्र पेश कर यह जानकारी दी।

**विजय दिवस–राज्यपाल आमंत्रण**

आगामी सोलह दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें प्रमुख आकर्षण नया रायपुर के  सेंट्रल पार्क में आयोजित होने वाला सोल्जराथान है। इसमें सेना के योद्धाओं के साथ–साथ आम नागरिक भी भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ और ओड़ीसा सब एरिया नया रायपुर के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों कर्नल सुमीत शर्मा और कर्नल शैलेन्द्र पटनायक ने राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

गौरतलब है कि वर्ष उन्नीस सौ इकहत्तर में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की जीत का सम्मान करने के लिए हर साल सोलह दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है।

## माओवादी–गिरफ्तार

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को तेरह माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। इनमें से एक माओवादी पर दो लाख रूपए का इनाम घोषित था। माओवादी के कब्जे से पांच किलो के टिफिन बम सहित अन्य विस्फोटक सामान बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विशेष कार्यबल–एसटीएफ और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल ने तर्रेम थाना क्षेत्र से तीन और आवापल्ली तथा जांगला थाना क्षेत्र से पांच–पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माओवादियों में कोसापुनेम जगरगुंडा एरिया कमेटी का सदस्य भी शामिल हैं। इस पर दो लाख रूपए का इनाम घोषित किया गया था।

## ठगी

जांजगीर की चांपा पुलिस ने करीब दो हजार सात सौ महिलाओं से लगभग आठ करोड़ रूपए की ठगी करने के आरोप में फ्लोरा मैक्स कंपनी के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने संबंधित कंपनी के चांपा कार्यालय का सभी सामान भी जब्त कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज किया है। इनमें से डायरेक्टर सहित दो आरोपियों को कोरबा पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

गौरतलब है कि इस कंपनी ने महिलाओं को बिजनेस स्कीम का झांसा दिया और तीस हजार रूपए लेकर हर महीने सत्ताईस सौ रूपए देने की बात कही और करीब आठ करोड़ रूपए की ठगी की। कंपनी ने कोरबा के बाद चांपा में भी अपना ऑफिस खोला था। बाद में महिलाओं की रिपोर्ट पर चांपा पुलिस ने मामला दर्ज किया और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

इस बीच, दुर्ग की एंटी क्राइम, साइबर यूनिट और भिलाई थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति से उनचास लाख रूपए की ठगी करने के मामले में महाराष्ट्र के औरंगाबाद से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी ने अलग–अलग नंबरों से सीबीआई, ईडी और सुप्रीम कोर्ट के गिरफ्तारी वारंट और नोटिस भेजकर प्रार्थी को झांसे में लिया। इस बीच, अलग–अलग खातों से प्रार्थी से उनचास लाख रूपए की धोखाधड़ी की।

वहीं, कोंडागांव जिले में महिला और बाल विकास विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों से करीब इक्कीस लाख रूपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## मौसम

### और अब पेश है मौसम का हाल....

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात फेंजल के असर से छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में अगले एक–दो दिनों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। सबसे ज्यादा असर सरगुजा और बस्तर संभाग में पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में रात का तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इस बीच, राजधानी रायपुर में भी आज सुबह से बादल छाए रहे।

गौरतलब है कि चक्रवात फेंजल दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है, जिसके पश्चिम–उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

इस बीच, सरगुजा संभाग में कड़ाके ठंड पड़ रही है। मैनपाठ में आज सुबह चार दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग के बासठ कार्यपालन और सहायक अभियंताओं के स्थानांतरण आदेश आज शाम जारी कर दिए हैं।

– बिलासपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने जांजगीर–चांपा जिले के अकलतरा क्षेत्र के अमरताल गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए महिला और बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

– कोंडागांव और अन्य जिलों के शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार और स्व–रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा चार दिसंबर को केशकाल के सुरडोंगर मैदान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इन रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के बारह नियोजकों द्वारा चार हजार दो सौ से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोटशिला स्टेशन में पावर ब्लॉक के कारण एक से चार दिसंबर तक टाटानगर बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं, तीन दिसंबर को नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस भी नहीं चलेगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>